## करके देखें

PRATHAM - SHAH PraDigi प्रडिजि INNOVATION CENTER

# दैनिक जीवन में भिन्न

आपके घर में आमदनी का कितना हिस्सा, राशन का सामान लाने के लिए खर्च होता है। पता करिए और उसे भिन्न में लिखिए।

सवा, पौना और डेढ़, इन शब्दों का मतलब पता करके इन्हें भिन्न में लिखिए। दैनिक जीवन में ऐसी ही और कौन सी भिन्नों का उपयोग होता है, पता करिए।

बताइए, डेढ़ किलो आलू और अढ़ाई (ढाई) किलो प्याज़ मिलाने पर कुल कितने किलो सब्ज़ी हुई ?



आपके गाँव में कुल कितने घर हैं ? उनमें से कितने कच्चे और कितने पक्के हैं। पता करिए और जानकारी को भिन्न के रूप में दिखाइए। उदा. गाँव के कुल घरों में से दो-तिहाई घर पक्के हैं।